हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 21 नवंबर 2025

13 प्रभारी सचिव ने जिले के विभिन्न धान उपार्जन केन्द्रों का किया...


14 लाखों की लागत से बना कृष्णकुंज उपेक्षा का शिकार




## खबर संक्षेप

### अछोटी में आज आराध्या की पंडवानी



**सिर्री।** ग्राम अछोटी में 17 से 23 नवंबर तक जेठूमल परिवार द्वारा भागवत कथा का आयोजन किया गया है। कथावाचक पंडित युवराज हैं। कथा सुनने हजारों लोग आ रहे हैं। कथा के पांचवें दिवस आज 21 नवंबर को दोपहर 11.30 बजे सुप्रसिद्ध लोकगायिका आराध्या साहू की पंडवानी होगी। कथा 1 बजे प्रारंभ होगी।

### ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट प्रशिक्षण 21 से

**धमतरी।** बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान (बड़ौदा आरसेटी) धमतरी में ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट प्रशिक्षण 21 नवंबर से प्रारंभ हो रहा है। प्रशिक्षण के दौरान फेशियल थ्रेडिंग, आई बो सेपिंग, मैनीक्योर, पैडीक्योर, डिटेनिंग, थर्मो हब फेशियल, पार्टी मेक अप और ड्रेसिंग, बाडी मसाज और बॉडी पालिशिंग तथा पार्लर से सबंधित जानकारी दी जायेगी। ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट की जानकारी के साथ-साथ उद्यमिता संबंधी जानकारी भी दी जायेगी। निदेशक बड़ौदा आरसेटी आशीष लकड़ा ने बताया कि इस प्रशिक्षण में ग्रामीण बेरोजगार महिलाएं जिनकी उम्र 18 वर्ष से 50 वर्ष के बीच हैं, आवेदन कर सकती हैं। यह प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क एवं आवासीय सुविधा से युक्त है। प्रशिक्षण हेतु 35 सीटें आरक्षित हैं।

### अब नवीन पंजीयन कैरी फारवर्ड 25 तक होगा

**धमतरी।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में किसानों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए शासन द्वारा एकीकृत किसान पोर्टल में नवीन पंजीयन, कैरी फारवर्ड एवं पंजीकृत फसल-रकबे में संशोधन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 25 नवम्बर तक कर दी गई है। इस हेतु तहसील लॉगिन में अतिरिक्त समय उपलब्ध कराया गया है, जिससे अधिकतम कृषक समय पर अपनी प्रविष्टियां पूरी कर सकें। छत्तीसगढ़ शासन कृषि विभाग द्वारा इस संबंध में परिपत्र जारी कर दिया गया है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने सभी संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि जिले के प्रत्येक पात्र कृषक का पंजीयन एवं आवश्यक संशोधन समयसीमा के भीतर पूर्ण कराएं। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने जानकारी दी है कि धान खरीदी के लिए डुबान क्षेत्र, वन पट्टाधारी कृषकों के कैरी फारवर्ड एवं कुछ नवीन पंजीयन शेष हैं।

प्रदेशाध्यक्ष की गिरफ्तारी का विरोध, सहकारी समिति कर्मचारी संघ का कलेक्टोरेट में प्रदर्शन

# प्रदेशभर के प्रबंधक और आपरेटरों ने किया जेल भरो आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी





प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र साहू की बर्खास्तगी के बाद गिरफ्तारी के विरोध में प्रदेशभर के सोसाइटी प्रबंधकों और कम्प्यूटर आपरेटरों ने जेल भरो आंदोलन किया।

गुरुवार को छग सहकारी समिति कर्मचारी संघ के बैनरतले बिलासपुर, कोरबा, चांपा, बस्तर, कांकेर, महासमुंद, राजनांदगांव, मोहला, रायपुर, कबीरधाम, गोरेल्ला, पेंड्रा, बालोद, धमतरी समेत प्रदेशभर के प्रबंधक, आपरेटर गोकुलपुर स्थित मां कर्मा चौक में एकत्रित हुए। दोपहर 2 बजे तक सैकड़ों आंदोलनकारी एकत्रित होने के बाद नारेबाजी करते हुए कलेक्टोरेट तक पैदल मार्च किया। कलेक्टोरेट के सामने पुलिस प्रशासन द्वारा लगाए गए बैरिकेड्स के पास घंटाभर प्रदर्शन करते हुए गिरफ्तार करने की मांग करते रहे।

छग सहकारी कर्मचारी संघ लंबे समय से धान की सूखत की भरपाई, वेतन विसंगति समेत चार सूत्रीय मांगों को लेकर शासन- प्रशासन को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराते रहा। 3 नवंबर को सहकारी समिति कर्मचारी संघ तथा धान खरीदी कम्प्यूटर आपरेटर संघ के संयुक्त तत्वावधान में आंदोलन शुरु हुआ। 15 नवंबर को धान खरीदी शुरु होने पर भी सभी प्रबंधक एवं आपरेटर हड़ताल पर डटे रहे। इस दौरान प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए समिति कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष को बर्खास्त कर दिया। बावजूद आंदोलन खत्म नहीं होने पर अध्यक्ष पर एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। अध्यक्ष की गिरफ्तारी के बाद छग सहकारी समिति कर्मचारी संघ के महासचिव ईश्वर श्रीवास तथा धान खरीदी आपरेटर संघ के प्रदेश सचिव मोहन डहरिया ने आंदोलन की कमान संभाली।

प्रदेश अध्यक्ष की गिरफ्तारी की सूचना के बाद प्रदेशभर के प्रबंधक और आपरेटर धमतरी पहुंचकर जेल भरो आंदोलन में शामिल हुए। महासचिव ईश्वर श्रीवास ने कहा कि प्रदेश में 17 हजार प्रबंधक एवं कम्प्यूटर आपरेटर काम करते हैं। शासन को धान खरीदी से पहले अपनी मांगों का ध्यानाकृष्ट कराया था। मगर शासन ने दमनकारी नीति अपनाकर प्रदेश अध्यक्ष को बर्खास्त कर गिरफ्तार किया गया। कुछ लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई है।

संघ की उपाध्यक्ष मीनाक्षी यादव ने कहा कि बिना सेटअप के 18 सालों से धान खरीदी कार्यों में काम कर रहे है। अपनी मांगों को लेकर सामने आने पर कार्रवाई की जा रही है। वे सभी नरेंद्र साहू की गिरफ्तारी के विरोध में जेल जाने के लिए पहुंचे हैं। बताया गया कि जेल भरो आंदोलन के दौरान आंदोलनकारियों को पता चला कि नरेंद्र साहू की जमानत शाम तक हो जाएगी। इस खबर के बाद जेलभरो आंदोलन का समापन किया गया।

### धान खरीदी और ऋण वसूली कार्य प्रभावित होगा

प्रदेशभर से एकजुट हुए आंदोलनकारियों ने दावा किया है कि धान खरीदी का कार्य सुचारु रूप से नहीं हो पा रहा है। उनके आंदोलन को दमन करने की कोशिश की जा रही है। रातोंरात किए गए आपरेटर भर्ती से सोसाइटियों का काम नहीं हो पा रहा है। नियम विरूद्ध बायोमेट्रिक कराया जा रहा है। 50 से 60 किसानों से धान खरीदी के बदले 10-15 किसानों का ही धान खरीदा जा रहा है। ऋण वसूली कार्य प्रभावित है। रबी फसल के लिए खाद बीज वितरित नहीं हो पाएगा।

सिवनीकला सोसाइटी में हुई घटना, परिजनों व किसानों ने लगाया प्रबंधक पर लापरवाही बरतने का आरोप

# 11 केवी करंट की चपेट में आया किसान, 35 प्रतिशत झुलसा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

सिवनीकला सोसाइटी में करंट की चपेट में आने से एक किसान बुरी तरह झुलस गया। परिजनों और स्थानीय किसानों के मुताबिक 19 नवंबर की लगभग सुबह 9:30 बजे ग्राम गोबरा निवासी किसान भोजराज साहू पिता स्व. परदेसी राम साहू उम्र 56 वर्ष अपने धान को हाइड्रोलिक ट्रॉल से खाली कर रहा था। इसी दौरान ट्रॉली वह सोसाइटी के बीचोंबीच गुजर रहे 11 केवी हाईटेंशन तार की संपर्क में आ गया। ट्राली को ऑपरेट कर रहा भोजराज बुरी तरह करंट की चपेट में आ गया। वहां मौजूद किसानों ने सूझबूझ दिखाते हुए पास में रखे हुए बांस की मदद से उसे करंट से संपर्क छुड़ाया। करंट के कारण वह बुरी तरह झुलस कर बेसुध होकर गिर पड़ा



भोजराज साहू

### प्रबंधक ने नहीं किया सहयोग

किसान भोजराज के भाई खूबलाल साहू, भीमसेन साहू और पुत्र गगन साहू, भतीजा डीलन साहू ने सोसाइटी प्रबंधक ओमप्रकाश साहू पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि सोसाइटी में अन्य जगह खाली होने के बाद भी किसान को विद्युत तार गुजरी जगह पर ही धान खाली करने कहा। जब किसान भोजराज करंट की चपेट में आया तो प्रबंधक ने कोई सहयोग नहीं किया और न ही अस्पताल ले जाने की सुविधा उपलब्ध कराई। आधे घंटे तक किसान जख्मी होकर बेसुध पड़ा रहा। किसान विश्वजीत चंद्राकर ने फोन पर परिजनों को सूचना दी और सूचना पाकर परिजन अपने निजी कार से सोसाइटी पहुंचे और भोजराज को धमतरी मसीही अस्पताल लेकर गए। डॉक्टरों ने बताया कि किसान का लगभग 35% शरीर जल चुका है। हालत गंभीर है। इलाज जारी है।

इस संबंध में सिवनीकला सोसाइटी प्रबंधक ओमप्रकाश साहू ने कहा कि घटना से पहले मौके पर उपस्थित हमाल ने किसान भोजराज साहू को समझाइश दी थी कि इस जगह पर वह धान खाली न करें।

### मुरुम डालने से तार की ऊंचाई हुई कम

परिजनों सहित स्थानीय किसानों ने बताया कि सोसायटी परिसर में हाल ही में लगभग 3 फीट ऊंचाई तक मुरुम डाली गई है, जिसके चलते 11 केवी तार की ऊंचाई कम हो गई जिससे किसान हाइड्रोलिक ट्रॉली करंट के संपर्क में आ गया। घटना की जानकारी रात 10 बजे भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष लालाराम चंद्राकर को मिली। तत्काल रात में ही जिला कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी कुरूद से श्री चंद्राकर ने बात कर त्वरित सहयोग की मांग की। तहसीलदार कुरूद ने रात में ही मसीही अस्पताल धमतरी में भर्ती भोजराज का हालचाल जाना।

### घटनास्थल का निरीक्षण करने पहुंचे अधिकारी

दूसरे दिन 20 नवंबर को लगभग 1 बजे किसानों के आक्रोश को देखते हुए अनुविभागीय अधिकारी के संज्ञान पर नायब तहसीलदार एनटी सिन्हा कुरूद दुर्घटना स्थल सिवनीकला सोसाइटी पहुंचे और किसान संघ जिला के अध्यक्ष लालाराम चंद्राकर के साथ कार्यस्थल का निरीक्षण किया।

### बर्खास्त करने की मांग

भोजराज के परिजनों ने जिला प्रशासन एवं अनुविभागीय अधिकारी कुरूद से किसान के बेहतर इलाज के लिए शासन से सहयोग मांगा और सिवनीकला सोसाइटी के प्रबंधक को तुरंत बर्खास्त करने की मांग की है। कार्रवाई नहीं होने पर परिजनों सहित किसानों ने सोसाइटी में उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

### विद्युत लाइन जल्द सुधारी जायेगी : कोसले

भविष्य में ऐसी घटना न हो इसे ध्यान में रखते हुए विद्युत विभाग कुरूद के एई श्री कोसले को घटनास्थल पर सुरक्षा मानकों का पालन कर विद्युत लाइन सुधारने के लिए निर्देशित किया गया। मौके पर भारतीय किसान संघ के अध्यक्ष लालाराम चंद्राकर, राजकुमार चंद्राकर, डॉ कपिल पटेल, खूबलाल साहू, संतराम साहू, सेवकराम साहू, प्राधिकृत अधिकारी चंद्रप्रकाश साहू सहित अनेक किसान उपस्थित थे।

# मखाना की खेती में बढ़ी किसानों की रुचि

- छत्तीसगढ़ के मखाना बोर्ड में शामिल होने से बढ़ेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



पीएम सम्मान निधि समारोह में पहुंचे केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सार्वा ने मखाना से बनी माला पहनाई।

मखाना की खेती में धमतरी जिला नई इबारत लिखने को तैयार है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने धमतरी में मखाना की खेती की प्रशंसा की है। मखाना की खेती में किसानों को अच्छा लाभ होता है। छत्तीसगढ़ का मखाना बोर्ड में शामिल होने से लाभ और भी बढ़ जाएगा। उधर जिले में इसकी खेती के लिए लक्ष्य भी बढ़ाया गया है।

मखाना की खेती बिहार राज्य में होती थी। इससे होने वाले लाभ को देखते हुए छत्तीसगढ़ में इसकी खेती शुरू की गई। कृषि विभाग के प्रयास से लगातार इसकी खेती के रकबे में वृद्धि हो रही है। इस बार धमतरी जिले में 200 एकड़ में मखाना की खेती की जाएगी। उल्लेखनीय है कि बुधवार को जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सार्वा ने मखाना से तैयार माला पहनाकर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का स्वागत किया, जिसके बाद श्री चौहान ने छत्तीसगढ़ को मखाना बोर्ड में शामिल करने की घोषणा की। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने धमतरी मखाना के पैकेटों का विमोचन भी किया। उपसंचालक कृषि मोनेश कुमार साहू और आत्मा योजना के कृषि अधिकारी एफएल पटेल ने बताया कि धमतरी जिले में लंबे समय से किसान मखाना की खेती कर रहे हैं। मखाना की खेती से किसानों को लाभ मिल रहा है, जिससे वे

▶▶ शेष पेज 13 पर

### धान से दोगुना लाभ

कुरूद ब्लाक के तीन गांवों में 20 हेक्टेयर क्षेत्र में मखाना उत्पादन शुरू हो चुका है। यह फसल कम मेहनत, कम पानी और अधिक मुनाफा देती है। किसानों को धान से प्रति एकड़ 32 हजार रुपये मिलते हैं, जबकि मखाना की खेती में 64,000 रुपये तक की आय हो रही है। मखाना की खेती तालाबों में केवल दो से तीन फीट पानी में की जाती है और यह फसल लगभग छह माह में कटाई योग्य हो जाती है। मखाना पोषण से भरपूर है। यह डायबिटीज और हृदयरोगियों के लिए लाभकारी है। इसमें कैल्शियम, मैग्नीशियम, जिंक, आयरन, फास्फोरस और प्रोटीन प्रचुर मात्रा में होते हैं।

# रात की ठिठुरन से मिलेगी राहत




हवा की दिशा में परिवर्तन का असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

अगले पांच दिन के भीतर जिले में रात का पारा 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है। इससे लोगों को ठिठुरन से राहत मिलने की उम्मीद है। पिछले कुछ दिनों से जारी कड़ाके की ठंड अब धीरे-धीरे कमजोर होने लगी है। मौसम विभाग के अनुसार अगले पांच दिनों में कई जिलों में रात का पारा 2 से 3 डिग्री तक बढ़ सकता है। प्रदेश में हवा की दिशा उत्तर से बदलकर पूर्वी हो चुकी है। पूर्व दिशा से आने वाली हवाओं में नमी अपेक्षाकृत अधिक होती है जिसके कारण रात के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। दिन के तापमान में बदलाव की संभावना नहीं है लेकिन रात पहले की तुलना में कम सर्द होगी। आगामी दिनों में मौसम शुष्क बना रहेगा। अधिकतम तथा न्यूनतम तापमान 30 से 15 सेल्सियस के आसपास बने रहने की संभावना है।

पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

कल के अंक में देखें

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा।

भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित
पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर (छ.ग.) 495006

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार पैरामेडिकल संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में (सत्र 2025-26) में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

उपलब्ध विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निशियन | (M.P.W.) पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | (C.O.T.) सर्टिफिकेट इन आपरेशन थियेटर टेक्निशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन | (GDA) जनरल ड्यूटी एसिस्टेंट | सर्टिफिकेट इन मेडिकल ड्रेसर | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्निशियन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| जांजगीर-चांपा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| अंबिकापुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| सूरजपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| रायपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| धमतरी | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| सरईपाली | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| जगदलपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| बीजापुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कोंडागांव | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कांकेर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |

आवेदन हेतु 12 वी कक्षा में न्युनतम प्रतिशत : अनु. जनजाति 40%, अनु.जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक। विकलांग सैनिक / स्व.संग्राम सेनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है।

नोट :-
1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारुप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरे। साथ ही 55 रुपये का डाक टिकट लगा हूआ 10x4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. चयनित उम्मीद्वारो को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा।
3. केवल आवेदक ही काउंसलिंग हेतु पात्र होंगे।
4. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है।
5. छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में संचालित पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों के समस्त सीटों में प्रवेश हेतु सीधे प्रवेश अवैध / गलत है। अतः विद्यार्थी किसी कंसलटेंट / व्यक्ति / एजेंट जो आपको संस्था में प्रवेश दिलाने का प्रलोभन दें उनके बहकावें में न आएं और कोई भी दस्तावेज न दें, ना ही एडमिशन दिलाने के एवज में कोई भी राशि न दें।

आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :-05.12.2025 तक।

आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :-10.12.2025 तक।

आवेदन पत्र भेजने का प्रारुप

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, ओम प्लाजा, बजरंग चौक, राजकिशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495 006
महोदय,
.................... (पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ।
1. आवेदक का नाम .................... 2. पिता / पति ....................
3. जन्म तिथि अंकों में .................... 4. वर्गः - अनु. ज. जाति ☐ अनु. जन जाति ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐
5. पत्र व्यवहार का पता - ग्राम .................... पोस्ट .................... तहसील ....................
थाना .................... जिला .................... पिन कोड ☐
मो. नं. 1 .................... मो. नं. 2 .................... वाट्सअप नं. ....................
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ....................
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, NSDC/SDMS केन्द्र क्रमांक 89923 बिलासपुर (छ.ग.)

पंजीयन में त्रुटि के विरोध में किसान पहुंचे एसडीएम कार्यालय, कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

# पंजीयन में कई किसानों का रकबा शून्य तो कुछ की कम भूमि दिख रही

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

किसान पंजीयन में आ रही लगातार गड़बड़ियों के विरोध में ठेन्ही, मेचका, बेलरबाहरा, नवागांव के किसान अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय नगरी पहुंचे और एसडीएम को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा।

किसानों ने बताया कि ठेन्ही, नवागांव, बेलरबाहरा, मेचका सहित लगभग 20 गांवों के किसानों के धान पंजीयन में गंभीर त्रुटि आ रही हैं। कई किसानों का पंजीयन रकबा शून्य दिखा रहा है, तो कई के वास्तविक रकबे से कम भूमि दर्ज हो रही है। इससे किसानों को खरीदी केंद्रों में धान बेचने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



किसानों ने विभागीय अधिकारियों से समस्या का समाधान जल्द करने की मांग की है। इसके अलावा उपज मंडी केंद्र बेलरबाहरा में प्रतिदिन खरीदी सीमा 450 क्विंटल ,वन ग्राम एवं राजस्व गांव के किसानों का तत्काल पंजीयन सुधार कर उचित रकबा दर्ज करने , पंजीयन उपार्जन केंद्र में बैठने वाले कर्मचारियों की लापरवाही रोकने, नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा प्रशासनिक सुधार लागू करने, वन ग्राम से राजस्व ग्राम में परिवर्तित किसानों को नया पट्टा शीघ्र प्रदान करने की मांग है।

मौके पर श्रीधन सोम, रुपेश नाग, देवनारायण, जितेंद्र सहदेव, नोहर नाग, रायचंद सोरी, रामसिंह यादव समेत अनेक गांवों के किसान उपस्थित थे।

# नगरी में निःशुल्क पीएससी कोचिंग देने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

■ प्रतिभागी छात्रों ने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

नगरी तहसील के प्रतिभागी छात्रों ने निःशुल्क पीएससी कोचिंग संचालित करने की मांग कलेक्टर से की है।

गुरुवार को नगरी से कलेक्टोरेट पहुंचे प्रतिभागी छात्र- छात्राओं ने कलेक्टर को आवेदन कर कहा है कि नगरी तहसील आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है। यहां कई विद्यार्थी है जो कम्पिटिशन परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। शहर से दूर आदिवासी अंचल होने तथा आर्थिक तंगी के कारण छात्र अपनी तैयारी नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा है कि नगरी में संचालित एसएससी तथा अग्निवीर भर्ती के लिए चलाई जा रही निःशुल्क कोचिंग क्लास से करीब 200 छात्र लाभान्वित हो रहे हैं जिसका क्रियान्वयन स्थानीय संस्था द कम्पिटिशन एकेडमी नगरी के प्रशिक्षत शिक्षकों द्वारा किया जा रहा है जो छात्रों के लिए लाभदायक हैं। इसी तरह नगरी तहसील के छात्रों को पीएससी की प्री एवं मेंस परीक्षा के लिए निःशुल्क कोचिंग क्लास स्थानीय संस्था द कम्पिटिशन एकेडमी नगरी के माध्यम से संचालित की जाए। इससे अधिक से अधिक युवा लाभान्वित होंगे।

प्रतिभागी छात्रा निधि, आरती साहू, कल्याण साहू, मयंक, शेखर सहित दर्जनभर से अधिक छात्रों ने नगरी में पीएससी कोचिंग क्लास संचालित करने की मांग की है।

# केंद्रीय कृषि मंत्री को भेंट की अनाज से बनाई मां अन्नपूर्णा की तस्वीर





■ कुरुद सीएमओ की पुत्री ने 6 दिन की मेहनत से तैयार की थी आकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

धमतरी के एकलव्य खेल परिसर में आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को नगरपालिका कुरुद की ओर से एक स्कूली छात्रा द्वारा विभिन्न अनाज से तैयार की गई मां अन्नपूर्णा की आकृति भेंटकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा, कुरुद विधायक अजय चंद्राकर, नगर पालिका अध्यक्ष कुरुद ज्योति चंद्राकर प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

बुधवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अलावा छग में होने वाले विभिन्न विकास कार्यों के शिलान्यास एवं लोकार्पण हेतु केंद्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान धमतरी पहुंचे थे। उनके स्वागत सम्मान के लिए कलेक्टर के मार्गदर्शन में अनाज से मां अन्नपूर्णा की कलाकृति तैयार कर फ्रेम करवाया गया था। उक्त आकृत्ति को कुरुद नगरपालिका के सीएमओ महेंद्रराज गुप्ता की पुत्री तनिष्का गुप्ता ने 6 दिन की मेहनत से तैयार किया था जिसे नपा अध्यक्ष श्रीमती चंद्राकर ने मुख्यमंत्री श्री साय के करकमलों से केंद्रीय मंत्री श्री चौहान को भेंट कराया। चित्रकारी देख व सम्मान पाकर हर्षित हुए केंद्रीय मंत्री ने इस दौरान नन्ही तनिष्का के उज्ज्वल भविष्य की कामना की एवं धमतरीवासियों का आभार माना।

**13 प्रकार के अनाज व दालों से तैयार की आकृति**

मां अन्नपूर्णा की उक्त आकृति को तनिष्का ने अपने हाथों से बिना किसी रंग व पेंट के मात्र पेंसिल से उकेरने के बाद 13 प्रकार के अनाज एवं दाल भरकर तीन बाय दो फीट की साइज में तैयार किया था। उन्होंने विभिन्न रंगों के लिए धान, चावल, गेहूं, लाल मसूर दाल, पीली मूंग दाल, हरी मूंग दाल, काली उड़द दाल, बाजरा, मक्का आदि का उपयोग किया। पूरी तस्वीर को तैयार करने में करीब ढाई सौ ग्राम अनाज का उपयोग किया गया था।

# खेलकूद में प्रतिभागियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



■ अटल बिहारी स्टेडियम में महिला खेलकूद आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

जिला प्रशासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग धमतरी के तत्वावधान में खेल के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने के लिए बुधवार को विकासखण्ड स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन अटलबिहारी वाजपेई स्टेडियम कुरूद में किया गया। महिला खेल के लिए दो आयु ग्रुप 9 से 18 एवं 19 से 35 रखा गया है।

इस आयोजन में खो-खो, रस्साकसी, वॉलीबॉल, हॉकी, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, फुटबॉल, एथलेटिक्स, कुश्ती, वेटलिफ्टिंग खेल शामिल हैं। इस प्रतियोगिता में महिलाओं एवं बालिकाओं के खेल में भागीदारी एवं रुचि को बढ़ाने प्रशासन का अच्छा प्रयास है। यह आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है जिसमें हर वर्ष बड़ी संख्या में बालिकाएं एवं महिलाएं अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करती हैं एवं अपनी छिपी हुई प्रतिभा को और आगे लेकर जाती हैं। आयोजन के मुख्य अतिथि भोजराज चंद्राकर पूर्व अध्यक्ष शाला विकास समिति गुरु घासीदास महाविद्यालय कुरूद, श्रीमती अनुराधा साहू, विद्या शर्मा, कमितला साहू, कविता चंद्राकर पार्षद, श्रीमती राजकुमारी ध्रुव पार्षद, संगीता सेन, प्रतिभा ध्रुव सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, ओपी साहू विकासखण्ड खेल प्रभारी, जेपी देव सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी धमतरी, खिलेंद्र साहू, विकास ठाकुर उपस्थित थे।

# बच्चों के सर्वांगीण विकास पर दिया जोर

■ राजपुर स्कूल में संकुल स्तरीय एफएलएन बाल मेला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी





शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजपुर में बाल दिवस के उपलक्ष्य में संकुल स्तरीय एफएलएन बाल मेला सह विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों की रचनात्मकता, शारीरिक कौशल, भाषा एवं संज्ञानात्मक क्षमता को प्रदर्शित करने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं।

बच्चों द्वारा राजकीय गीत का नृत्य किया गया जो बेहद ही आकर्षक रहा है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने खेल आधारित शिक्षण, कला प्रदर्शन, हस्तनिर्मित सामग्री, विज्ञान आधारित मॉडलों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

स्कूल परिसर में लगाए गए सभी विज्ञान मॉडल एवं दुकानों के स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहे। इन स्टॉलों में शिक्षण-सामग्री, विषयगत गतिविधियां, भाषा-गणित कौशल, खाद्य सामग्री निर्माणएवं पोषण संबंधित जानकारी सहित विविध प्रदर्शन रखे गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तम नेताम सरपंच राजपुर, विशिष्ट अतिथि उपसरपंच, जयकृष्ण साहू, गिरधर मरकाम, संतोष निषाद ,ग्राम पटेल गिरधर वट्टी, घसियाराम वट्टी, मन्नू लाल नेताम, हुलार वट्टी, गौतम मरकाम, मधु वट्टी सविता नेताम, नीलम कुंजाम, दशरथ सोम वार्ड पंच थे। अतिथियों ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत गतिविधियों की सराहना करते हुए बताया कि ऐसे आयोजन बच्चों के आत्मविश्वास, शारीरिक विकास, मानसिक क्षमता एवं भाषाई दक्षता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण होते हैं।

कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य आरके टंडन, व्याख्याता डोमार सिंह ध्रुव, एमएल निषाद, राजेश्वरी कुंजाम, नीलम शांडिल्य, एमके यदु, समन्वयक योगेन्द्र राजपूत, प्रधानपाठक टीपी शेर, देवीराम निषाद, ओंकार सूर्यवंशी, हिमांशु साहू, सरिता पाण्डेय, उमेश्वरी भंडारी, संध्या साहू, दुर्गेश नंदनी नाग, वाय कतलम, गीता मंडावी, एस कोसरे, गीता सोन, सोनसाय समुंद, पूनमचंद ठाकुर का विशेष योगदान रहा।

# स्वयंसेवकों ने पंचायत परिसर, तालाब क्षेत्र और प्रमुख चौराहों की साफ-सफाई की

हरिभूमि न्यूज ⏭आमदी(धमतरी)





■ ईर्रा में सात दिवसीय रासेयो शिविर का आयोजन

शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम ईर्रा में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम हुए। प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल के निर्देशन एवं कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने ग्राम विकास से संबंधित गतिविधियों में सक्रिय योगदान दिया। ग्राम के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों, मार्ग, पंचायत परिसर, तालाब क्षेत्र और प्रमुख चौराहों की साफ-सफाई की गई। स्वयंसेवकों ने सामाजिक संदेशों पर आधारित एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। ईर्रा में पशु चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया, जिसमें उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. अवधेश रकाम, अतिरिक्त उपसंचालक डॉ. टी.आर. वर्मा, पशु चिकित्सा सहायक डॉ. पीयूष दुबे, डॉ. जितेन्द्र साहू तथा उनकी पूरी टीम उपस्थित थे। शिविर में 18 दवाओं का वितरण, 40 पशुओं का बधियाकरण, 48 पशुओं को कृमिनाशक दवा पान, 2 गर्भ परीक्षण, 35 पशुओं का उपचार तथा किलनीनाशक दवा का छिड़काव किया गया। 100 से अधिक पशुपालक लाभान्वित हुए।

द्वितीय सत्र में पशुपालन क्षेत्र की संभावनाओं एवं सरकारी योजनाओं पर बौद्धिक परिचर्चा हुई। राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त वरिष्ठ स्वयंसेवक सत्येंद्र कुमार ने युवाओं में व्यक्तित्व विकास और नेतृत्व क्षमता के निर्माण पर विचार प्रस्तुत किए। मौके पर सरपंच श्री सूर्यकांत साहू, पंचायत प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# भेंडरा स्कूल में आदिवासी वीर बिरसा मुंडा को किया नमन

■ सामाजिक न्याय, जनजागरण और आदिवासी अस्मिता के अग्रदूत थेः मोतीलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भेंडरा में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मनाई गई। प्राचार्य मोतीलाल साहू ने बिरसा मुंडा के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित किए।

प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि बिरसा मुंडा केवल एक स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, जनजागरण और आदिवासी अस्मिता के अग्रदूत थे। उन्होंने स्वाधीनता संघर्ष में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और जनजातीय समाज को संगठित कर अन्याय व शोषण के विरुद्ध आवाज उठाई। आज भी उनके विचार और त्याग युवाओं को राष्ट्रहित में कार्य करने हेतु प्रेरित करते हैं।

शिक्षिका इशरत जबीन ने बिरसा मुंडा के जीवन, उनकी शिक्षाओं और उनके आंदोलन उलगुलान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि बिरसा मुंडा ने अल्प आयु में ही व्यापक सामाजिक परिवर्तन का नेतृत्व किया था और आदिवासी समुदाय को आत्मसम्मान तथा अधिकारों के प्रति जागरूक किया था। इस अवसर पर कक्षा 11वीं की छात्रा कुमारी गेमेश्वरी ने बिरसा मुंडा का सुंदर चित्र प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में शिक्षकगण कुंती महोबिया, ज्योति साहू, दसोदा साहू, गोपेश्वर देवांगन, पुखराज साहू, साधुशरण साहू, स्काउट प्रभारी सोहनलाल साहू, खेल शिक्षक हेमेंद्र साहू सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रेडक्रॉस प्रभारी पारसमणि साहू ने किया।

# सांकरा के शिविर में 212 आवेदन प्राप्त हुए




हरिभूमि न्यूज ⏭सांकरा

ग्राम पंचायत सांकरा में प्रधानमंत्री आवास योजना , महतारी वंदना योजना , पेंशन योजना, पीएम सोलर योजना , आधार कार्ड अपडेट एवं स्मार्ट कार्ड बनाने शिविर लगाया गया था। शिविर में दोपहर 3 बजे तक 212 आवेदन जमा हो चुके थे। सभी आवेदन को कंप्यूटर में ऑनलाइन सब्मिट किया जा रहा था। इस अवसर पर गोविंद साहू, अगस्त साहू, चंद्रहास साहू, लोकेश साहू, देवेंद्र साहू के साथ अन्य विभाग से आए अधिकारी-कर्मचारी व सरपंच नागेंद्र बोरझा, सचिव मदन सेन, उपसरपंच हरीश साहू उपस्थित थे।

मड़ेली में असामाजिक तत्वों पर लगाम कसने ग्रामीणों ने लिया निर्णय

# अवैध शराब बेची तो दस हजार लगेगा जुर्माना बताने वाले को मिलेगा दो हजार रूपए का ईनाम

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव



ग्राम पंचायत एवं ग्राम विकास समिति मड़ेली के पदाधिकारी और सदस्यों की मीटिंग हुई जिसमें समाज में फैलती नशाखोरी, बुराई तथा बढ़ते अतिक्रमण पर गहरी चिंता जाहिर की। ग्रामीणों ने समाज में फैली बुराइयों के अंत के लिए कमर कस ली है और दंडात्मक कार्रवाई का ऐलान किया है। अवैध शराब बेचने पर 10000 का जुर्माना और बताने वाले को 2000 रुपये पुरस्कार देने की घोषणा हुई है। गांजा व नशीली दवाई बेचने पर भी कार्रवाई होगी। अतिक्रमण करने पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई होगी।

ग्रामीणों ने बताया कि छोटे बच्चे, युवक व बुजुर्ग नशे की चपेट में आ रहे हैं। नशे में चोरी, डकैती, लूट की घटना को अंजाम दे रहे हैं। मारपीट व चौक-चौराहों पर गाली-गलौज आम बात हो गई है। गांव में भय और डर का माहौल है। गांव में अनुशासन के लिए ग्राम पंचायत एवं ग्राम विकास समिति के बैनरतले एक पारदर्शी कदम उठाना पड़ा जिससे असामाजिक तत्वों पर लगाम कसी जा सके।

बैठक में जनपद ठाकुरराम साहू, सरपंच प्रतिनिधि लक्ष्मी नारायण साहू, उपसरपंच ओमप्रकाश देवांगन, समिति अध्यक्ष संतराम साहू, संरक्षक शारदा लोकनाथ साहू, मीडिया प्रभारी शेखर साहू, सचिव चेतन साखरे, उपाध्यक्ष ताराचंद साहू, महेंद्र निर्मलकर, हरीश गांधी, अजीत गिरी गोस्वामी, ईश्वर सोन, नंदकुमार सोन, संतोष चंद्राकर, घनाराम ध्रुव, टाकेश कौशिक, चोमन मलेकर, नेपाल घिवरिया समेत सभी जाति के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# सशिमं करगा में हुआ सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम





हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

सरस्वती शिशु मंदिर करगा में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम हुआ। मां सरस्वती, प्रणव अक्षर ऊं, भारत माता की पूजा अर्चना कर पंच परिवर्तन का वर्णन करते श्रीमती डगेश्वरी साहू ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती सावित्री साहू सरपंच ने की। मुख्य वक्ता श्रीमती मोहिनी साहू ने कुटुम्ब प्रबोधन और पर्यावरण संरक्षण के बारे में बताया। मुख्य वक्ता श्रीमती हुलसी साहू ने सामाजिक समरसता का बोध कराया। सरपंच श्रीमती सावित्री साहू ने नागरिक कर्तव्य के पालन का महत्व बताया। कार्यक्रम में माताओं से प्रश्न पूछा गया, सही उत्तर देने वाले को पुरस्कृत किया गया। आभार व्यक्त प्रधानाचार्य श्रीमती मोहेश्वरी साहू ने किया।

## निधन

### घसनीन साहू



**धमतरी।** ग्राम बारना निवासी घसनीन बाई साहू 95 वर्ष का 19 नवम्बर को निधन हो गया । वे राष्ट्रीय कांग्रेस की ग्रामीण नेत्री थीं। संतोष कुमार साहू, अशोक कुमार साहू पूर्व सो सा य टी अध्यक्ष दोनर, सुभाष साहू की मां व दीपेश साहू, भुनेश साहू, संदीप साहू, रविशंकर साहू की दादी थीं। उनकी अंतिम यात्रा में ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

## अंचल की खबरें

### बूढ़ादेव उत्सव में शामिल हुए गंधर्व गाड़ा समाज के पदाधिकारी



**नगरी।** कोंडागांव क्षेत्र में आयोजित बूढ़ादेव उत्सव में सिहावा, नगरी, मोहलई, कुकरेल, मगरलोड के गंधर्व गाड़ा समाज के पदाधिकारी एवं सदस्यगण शामिल हुए। मौके पर जिला अध्यक्ष दीनदयाल गंधर्व, उपाध्यक्ष राजकुमार चालकी, संरक्षक रामकुमार, कोषाध्यक्ष हरेंद्र टांडिया, सह सचिव नरोत्तम मंडावी, मीडिया प्रभारी भोज कुमार सोनवानी, पूर्व जिला अध्यक्ष गणेशराम नगरची, क्षेत्र अध्यक्ष गणेश राम टांडेश, बृजभूषण बघेल, गिरधारी लाल मरकाम, सेवाराम बघेल , गंगाराम बघेल, सुदर्शन टांडेश, तुकाराम गनियार, सहदेव, बाबू लाल, अर्जुन, जगत, बसंत टांडेश, वासूदेव मरकाम, अशोक देवदास, मोहन देवदास, मोहन जालेश, महिला मंडल अध्यक्ष चमेली बाई मौजूद थे।

### जल संचय के लिए धमतरी जिला को मिला पुरस्कार



**धमतरी।** जल संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों के लिए भारत सरकार, जल शक्ति मंत्रालय, जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग नई दिल्ली द्वारा धमतरी जिला को जल संचय जनभागीदारी 1.0 राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित समारोह में भारत सरकार के जल संसाधन मंत्री सीआर पाटिल द्वारा कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के प्रतिनिधि के रूप में डिप्टी कलेक्टर मनोज मरकाम को प्रदान किया गया। ज्ञात हो कि जिले में जल संचय जनभागीदारी 1.0 के तहत 9,166 कार्य पूर्ण किए गए। इन कार्यों का निरीक्षण एवं सत्यापन भारत सरकार की टीम द्वारा धमतरी, कुरूद, मगरलोड एवं नगरी विकासखंडों में किया गया।

### हाईस्कूल देवपुर के छात्रों को स्वेटर वितरित




**धमतरी।** शासकीय हाईस्कूल देवपुर में आयोजित बाल दिवस कार्यक्रम में सामाजिक सहभागिता के तहत स्कूल में अध्ययनरत सभी 150 छात्र-छात्राओं को बालाजी मार्बल परिवार की तरफ से स्वेटर का वितरण किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती जशोदा देवी चौधरी राजस्थान थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कानाराम चौधरी ने की। विशिष्ट अतिथि शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जय प्रकाश साहू, श्रीमती सुमन देवी चौधरी राजस्थान, दयाल चौधरी, सुरज्ञान देवी चौधरी, राजस्थान, अनिरुद्ध सारथी, आत्माराम साहू थे। सामाजिक सहभागिता की मिसाल पेश करते हुए ठंड के इस मौसम में छात्रों को स्वेटर बांटा। इस कार्यक्रम में विधायक ओंकार साहू, जिला पंचायत सदस्य मोनिका देवांगन, जनपद उपाध्यक्ष केशव साहू, जनपद सदस्य हरनारायण साहू, सरपंच देवलाल साहू ने अपने विचार रखे। पूर्व उपसरपंच पन्ना लाल साहू ने लेक्चर स्टैंड प्रदान किया। ग्राम देवपुर के डॉ रामकृष्ण साहू ने कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा में 90% से अधिक अंक लाने वाले छात्रों को दस हजार रुपए देने की घोषणा की। प्राचार्य केपी साहू ने कार्यक्रम पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन चेमन साहू ने किया।

### राष्ट्रीय टेटे में फाल्गुनी व रुपाली का चयन



**धमतरी।** शिवसिंह वर्मा आदर्श शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की फाल्गुनी यादव व रूपाली का चयन 69वीं राष्ट्रीय शालेय टेबल टेनिस प्रतियोगिता जम्मू कश्मीर के लिए हुआ है। यह आयोजन स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में 21 से 25 नवंबर तक किया जायेगा। ज्ञात हो कि विगत सितंबर माह में राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन दुर्ग संभाग में किया गया था जिसमें रूपाली व फाल्गुनी शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ की अंडर-19 टीम में नंबर तीन व चार रैंक प्राप्त कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए। खिलाड़ियों के चयन पर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, जिला खेल अधिकारी पीयूष तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल, डी एस ओ शकीला देवदास, प्राचार्य बी मैथ्यू, एएसओ जेपी देव,व्याख्याता एन गजेंद्र, एलके उपाध्याय, केएल साहू, श्रीमती एस शर्मा समेत अनेक लोगों ने हर्ष जताया है।

### बच्चों को स्पीच थेरेपी, काउंसलिंग, साइकोथेरेपी की दी जानकारी



**धमतरी।** बाल दिवस पर जिला चिकित्सालय के स्पर्श क्लिनिक कक्ष क्रमांक 116 में बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य हेतु एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर विशेष रूप से मानसिक एवं दिव्यांग बच्चों को ध्यान में रखकर आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों को स्पीच थेरेपी, काउंसलिंग, साइकोथेरेपी, सर्टिफिकेशन तथा अन्य आवश्यक सेवाओं की जानकारी दी गई। शिविर में आए बच्चों के पालकों को भी सही पालन-पोषण के तरीकों एवं सहयोगात्मक वातावरण के महत्व के बारे में जागरूक किया गया, जिससे उनका मनोबल भी बढ़ा। कार्यक्रम में विशेष अतिथि जानकी गुप्ता संचालक मंडल सदस्य दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम छग ने बच्चों को प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि विशेष बच्चे पैरा ऑलंपियाड, कला, खेल एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट भविष्य बना सकते हैं।शासन द्वारा उपलब्ध विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर पीजी कॉलेज के इंटर्न छात्रों द्वारा वॉल पेंटिंग के माध्यम से बच्चों के लिए सकारात्मक एवं सहयोगात्मक वातावरण का संदेश दिया गया।

### निधन : लब्धि ओस्तवाल



**कुरुद।** संजय नगर कुरुद निवासी भाजपा नेता तिलोकचंद जैन की पुत्री सुश्री लब्धि ओस्तवाल का 17 नवम्बर को आकस्मिक निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार में नगर के प्रबुद्धजन, नाते-रिश्तेदार व बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए थे। उनके निधन पर विधायक अजय चंद्राकर, नपा अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

### सुचारू एवं पारदर्शी धान खरीदी सुनिश्चित करने दिए कड़े निर्देश

# प्रभारी सचिव ने जिले के विभिन्न धान उपार्जन केंद्रों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत धान उपार्जन कार्य का व्यापक निरीक्षण करते हुए जिले की प्रभारी सचिव सुश्री शम्मी आबिदी ने कोड़ेबोड़, भाठागांव, बगौद, कुरूद, चर्रा, आमदी, संबलपुर सहित 7 से अधिक धान खरीदी केंद्रों का दौरा किया। उन्होंने केंद्रों में की गई व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया तथा किसानों से सीधे संवाद कर धान विक्रय प्रक्रिया के संबंध में उनकी समस्याओं एवं सुझावों की जानकारी ली।

इस मौके पर अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा देवहारी ने जिले में धान खरीदी की तैयारियों, प्रगति तथा अब तक की खरीदी स्थिति से अवगत कराया। प्रभारी सचिव ने प्रत्येक केंद्र में बारदाना उपलब्धता, डेनेज व्यवस्था, परिवहन, टोकन प्रणाली, इंटरनेट कनेक्टिविटी, बायोमेट्रिक स्टैकिंग एवं ऑपरेटर की उपलब्धता जैसी मूलभूत व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने मौके पर धान की बोरी का तौल कराकर वजन की शुद्धता की जांच की तथा शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप खरीदी सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने आर्द्रतामापी यंत्र से धान की नमी की स्थिति का निरीक्षण करते हुए किसी भी प्रकार की अनियमितता नहीं होने देने की बात कही।

प्रभारी सचिव ने केंद्रों में किसानों के लिए पेयजल, छाया व्यवस्था एवं बैठने की सुविधा को और बेहतर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान खरीदी राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रत्येक किसान को बिना किसी बाधा, देर और समस्या के धान उपार्जन केंद्रों में सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि खरीदी प्रक्रिया पूर्णतरू पारदर्शी रहे, किसी भी किसान को परेशान न होना पड़े तथा टोकन वितरण और वजन प्रक्रिया में शत-प्रतिशत शुचिता सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम कुरूद नभसिंह कोसले, खाद्य अधिकारी बीके कोर्राम, डीएमओ सुनील सिंह, उपयुक्त पंजीयक कार्यालय के प्रदीप ठाकुर, जिला परिक्षेत्राधिकारी सहकारी बैंक बलरामपुरी गोस्वामी, जि.स.के.बैंक कुरुद के प्रबंधक टिकेंद्र बैस सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## घर में चला रहे अवैध महुआ शराब के कारोबार पर पुलिस की रेड



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अवैध शराब के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत केरेगांव पुलिस ने घरों में चल रहे अवैध महुआ शराब के कारोबार पर रेड डालकर 270 लीटर अवैध शराब के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिले में अवैध शराब बिक्री के कारोबार पर अंकुश लगाने एसपी ने सभी थाना व चौकियों को विशेष अभियान चलाने निर्देशित किया जिसका परिपालन करते हुए केरेगांव पुलिस ने ग्राम सलोनी में छापामार कर घर में चल रहे अवैध महुआ शराब के कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस टीम ने ग्राम सलोनी पहुंच भाटापारा के यादव समाज भवन के पास स्थित एक मकान में दबिश दी। उक्त मकान में लीलेश सिन्हा, धनेश्वर सिन्हा व तरूण सिन्हा को अवैध रूप से देशी महुआ शराब की बिक्री का कारोबार करते रंगेहाथ पकड़ा है। पुलिस ने मौके से 9 जरकिन बरामद की है। प्रत्येक में 30 लीटर शराब भरी हुई थी। पुलिस ने मोबाइल फोन कीमत 14 हजार 500 रूपये व बिक्री रकम 617 रूपये कुल 42 हजार 117 रूपये की जब्ती की है। पुलिस ने धारा 34-2 आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी लीलेश सिन्हा पिता सुमरन उम्र 29 वर्ष व उसका भाई धनेश्वर सिन्हा उम्र 27 वर्ष एवं तरूण सिन्हा पिता विश्वल उम्र 40 वर्ष तीनों ग्राम सलोनी थाना केरेगांव निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

## शंकरदाह स्कूल में हुई शिक्षक-पालक बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल शंकरदाह में शिक्षक पालक बालक की मेगा बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हेमंत साहू, सरपंच रमी गौतम, शिक्षाविद लक्ष्मणराव मगर, शाला विकास समिति के सदस्य मानिक सिन्हा, अमृत ध्रुव, सोमन देवांगन, विनोद डिंडोलकर, अर्जुन साहू, तरुण सिन्हा, नकुल बंजारे, प्राचार्य श्रीमती शोभा दुबे समेत शिक्षकगण व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## हाइवा व स्कार्पियो में भिड़ंत, चालक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



देमार के पास हुआ हादसा

बुधवार की रात्रि भखारा मार्ग में हाइवा व स्कार्पियो में जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में स्कार्पियो क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार सिद्धार्थ साहू पिता खम्हन लाल उम्र 22 वर्ष ग्राम कुरमातराई थाना अर्जुनी निवासी बुधवार की देर शाम स्कार्पियो को चलाते हुए धमतरी से भखारा मार्ग से होते हुए अपने घर कुरमातराई जा रहा था। इसी दौरान ग्राम देमार के पास एक अनियंत्रित साइकिल चालक आ गया। युवक उसे बचाने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से एक हाइवा आ रहा था। साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में स्कार्पियो और हाइवा में आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में स्कार्पियो का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं हाइवा को भी क्षति पहुंची है। बीच सड़क में हुई टक्कर से कुछ देर के लिए जाम लग गया। आसपास के मौजूद लोगों ने स्कार्पियो में फंसे चालक को किसी तरह बाहर निकाला। घटना के दौरान स्कार्पियो में चालक सिद्धार्थ अकेला सवार था। टक्कर से सिद्धार्थ गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए तत्काल मसीही अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पर पहुंची अर्जुनी पुलिस ने सड़क पर खड़ी क्षतिग्रस्त स्कार्पियो को क्रेन की मदद से हटाकर किनारे किया।

## करगा में बाल मेला लगा, खेलकूद भी हुआ

**जीजामगांव।** सरस्वती शिशु मंदिर करगा में छात्रों द्वारा बाल मेला का आयोजन किया गया। बाल मेला का शुभारंभ पंडित जवाहरलाल नेहरू के छायाचित्र की पूजा-अर्चना से हुआ। बच्चों के लिए खेलकूद हुआ। विजेता बच्चों को विद्यालय परिवार की ओर से पुरस्कृत किया गया। शाला के बच्चों द्वारा मैगी बेल, इडली, नड्डा रोल, पास्ता, अमरुद, पकौड़ा, ढोकला, सलाद की दुकानें लगाई गई थीं। इस दौरान बाल समिति के संयोजक रूपचंद साहू, अध्यक्ष डॉ देवेंद्र साहू, प्रधानाचार्य श्रीमती महेश्वरी साहू समेत शिक्षकगण और पालकगण मौजूद थे।

## छग टीचर्स एसोसिएशन ने डीपीआई को सौंपा पदोन्नति संबंधी मांग पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने रायपुर स्थित लोक शिक्षण संचालनालय में संचालक ऋतुराज रघुवंशी को माध्यमिक शाला प्रधान पाठक ई संवर्ग, शिक्षक ई व टी संवर्ग तथा व्याख्याता ई संवर्ग के लंबित पदोन्नति मामलों को लेकर मांग पत्र सौंपा। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा के निर्देश पर प्रदेश उपाध्यक्ष देवनाथ साहू के नेतृत्व में यह प्रतिनिधिमंडल पहुंचा। इस दौरान प्रदेश संयोजक सुधीर प्रधान तथा प्रदेश कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र पारीक भी विशेष रूप से उपस्थित थे।

प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि रायपुर संभाग में बीते तीन वर्षों से शिक्षक ई संवर्ग को माध्यमिक शाला प्रधानपाठक, सहायक शिक्षकों को शिक्षक तथा शिक्षकों को व्याख्याता पद पर पदोन्नति नहीं मिल पाई है, जिससे शिक्षक आर्थिक व मानसिक रूप से प्रभावित हो रहे हैं। इस पर डीपीआई ने संयुक्त संचालक रायपुर को तत्काल पदोन्नति प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश देने का भरोसा दिलाया और स्पष्ट किया कि इन पदों पर कोई न्यायालयीन प्रकरण लंबित नहीं है।

संगठन ने 7 नवंबर को हुई काउंसलिंग में तमाम रिक्त पद प्रदर्शित न किए जाने की शिकायत भी दर्ज कराई तथा प्रभावित शिक्षकों को पुनः काउंसिलिंग का अवसर देने की मांग रखी। व्याख्याता संवर्ग द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं व उच्च योग्यता हेतु दिए गए आवेदनों पर परीक्षा अनुमति आदेश शीघ्र जारी करने की मांग भी की गई। अधिकारियों ने इन सभी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

प्रतिनिधिमंडल में जितेंद्र मिश्रा, डॉ. भूषणलाल चंद्राकर, ओमप्रकाश सोनकला, बलराम तारम, नंद कुमार साहू, एनआर बघेल, खिलेश साहू, रूद्रनारायण तिवारी, कमलेश ध्रुव, योगेंद्र साहू, हरीश दीवान, दिनेश साहू व सुनील चंद्राकर आदि शामिल थे।

## आमापारा में हवन-पूजन के साथ भागवत कथा का समापन

■ आज मनुष्य सांसारिक मोह माया के कारण अपने कर्तव्य से विमुख हो रहा : पलक दुबे

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



आमापारा में आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के समापन पर तुलसी वर्षा, गीता पाठ, हवन, सहस्त्रधारा की कथा सुनाई गई। इसके बाद भंडारे का आयोजन हुआ। अंतिम दिन मंगलवार को कथावाचिका पलक दुबे ने बताया कि जब-जब धरती पर अधर्म बढ़ा है, तब-तब भगवान ने अवतार लेकर दुष्टों का संहार कर धर्म की स्थापना की। द्वापर युग में कंस का अत्याचार बढ़ने पर भगवान श्रीकृष्ण ने कंस का वध किया और सत्य की विजय का संदेश दिया। उन्होंने भागवत भगवान के महत्व को बताते हुए कहा कि भागवत का सार तत्व है भक्ति, ज्ञान , वैराग्य और तपस्या जो कभी भी खत्म नहीं होता है। श्रीकृष्ण से जितना प्रेम करोगे, उतना ही प्रेम का रंग चढ़ता जाएगा।



कथावाचिका पलक दुबे ने कहा कि सांसारिक मोह, माया के कारण मनुष्य अपने कर्तव्य से विमुख हो जाता है, लेकिन मनुष्य को कर्तव्य का पालन करना चाहिए। शरीर नाशवान है लेकिन आत्मा अमर है। गीता सार में बताया गया है निःस्वार्थ भाव से मनुष्य को कर्म करना चाहिए। मनुष्य को अनुकूल परिस्थितियों में जीवन जीना चाहिए, क्योंकि सुख और दुख आते रहते हैं। सभी मनुष्य भागवत प्राप्ति के अधिकारी हैं। संसार में जहां सुंदरता विलक्षणता दिखे, उसे भगवान का स्वरूप मानकर स्वीकार करना चाहिए। जगत को भगवान का स्वरूप मानना है। जो व्यक्ति शरीर इंद्रिय, मन, बुद्धि भगवान को अर्पण कर देता है, वही भगवान को प्रिय होता है। कथा सुनने अर्जुन नाग, प्रभा नाग, मनोज कुमार, गिरीश कुमार, रूपनारायण धीवर, शेष नारायण कोसरिया, ज्ञानेश्वर चन्द्रवंशी, जमुना बाई, केशव पटेल, धन्नु पटेल, मुन्ना पटेल मोनू यादव समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## 30 प्रतिभागियों ने किया फेस मड पैक व वृक्षासन विशेषज्ञों ने बताए प्राकृतिक चिकित्सा के लाभ

■ प्राकृतिक चिकित्सा दिवस पर सामूहिक मिट्टी चिकित्सा, योग क्रियाएं हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



तीव्र रोग हमारे शत्रु नहीं, मित्र होते हैं और लाख रुपए की एक दवा मिट्टी, पानी, धूप, हवा जैसे संदेशों के साथ हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित नैचुरोपैथी सेंटर में 8वें प्राकृतिक चिकित्सा दिवस के उपलक्ष्य में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का थीम नेचर क्योर टू क्योर नेचर रखा गया। कार्यशाला का आयोजन डॉ. दिनेश कुमार नाग एवं उनकी टीम तथा श्री दावड़ा यूनिवर्सिटी नया रायपुर के सहयोग से किया गया।

सुबह 8 से 9 बजे तक प्रतिभागियों को अंकुरित अनाज का वितरण किया गया। प्रातः 11 बजे उद्घाटन सत्र हुआ। मुख्य अतिथि दीपक लखोटिया वरिष्ठ समाजसेवी ने प्राकृतिक चिकित्सा को जीवनशैली में अपनाने और रसाहार व अंकुरित अनाज के नियमित सेवन की सलाह दी। डॉ. दिलीप राठौर ने कहा कि प्राकृतिक चिकित्सा से जुड़े रहने से कई रोग स्वतः नियंत्रित रहते हैं। राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक दिलीप नाग ने बताया कि सतत प्राकृतिक आहार और योग से वे स्वयं बीपी और शुगर नियंत्रण में रखते हैं। विशेष अतिथि होरीलाल साहू ने भी अपने अनुभव साझा कर प्रतिभागियों को प्रेरित किया।

कार्यक्रम में वार्ड पार्षद श्रीमती विभा चंद्राकर की उपस्थिति रही। स्वास्थ्य और प्राकृतिक चिकित्सा पर डॉ. खोमेश साहू एचओडी योग, दावड़ा यूनिवर्सिटी, डॉ. दिनेश नाग और योग प्रशिक्षिका मीनाक्षी यादव देव संस्कृति विश्वविद्यालय ने जलनेति, सूत्रनेति, रबर नेति, कुंजल क्रिया, सर्वांग मिट्टी लेप, वृक्षासन सहित कई योग-प्राकृतिक चिकित्सा प्रायोगिक सत्र निःशुल्क कराए। मिलेट आधारित आहार भी प्रस्तुत किया गया।

दावड़ा यूनिवर्सिटी के विद्यार्थी भी प्रशिक्षण में शामिल हुए और मिट्टी लेप व जलनेति का अनुभव लिया। समापन सत्र में अतिथि प्रेम मगेन्द्र, आशीष मिन्नी एवं डॉ. भूपेंद्र साहू ने प्राकृतिक चिकित्सा के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में धन्वंतरि नाग, दामिन नाग, पूजा नाग, महेंद्र संभाकर, हरिश्चंद्र यादव, गोपीचंद साहू, भावेश मीनपाल, प्रियंका, ईश्वरी, तिलेश्वरी, लक्ष्मी, झरना सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दिनेश कुमार नाग ने किया।

## बेहतरीन परीक्षा परिणाम पर पीएमश्री सेजेस बठेना पुरस्कृत



**धमतरी।** अक्टूबर माह के त्रैमासिक परीक्षा परिणाम में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले पीएमश्री सेजेस बठेना स्कूल को विनोबा टीम के माध्यम से जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में डीईओ अभय जायसवाल एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू ने पुरस्कृत किया।

## पेज 11 का शेष

### मखाना की खेती में बढ़ी किसानों की रुचि

मखाना की खेती से जुड़ रहे हैं। इसके अलावा समूह की महिलाएं भी मखाना खेती से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कदम बढ़ा रही हैं। जिला प्रशासन और कृषि विभाग किसानों को इस खेती के लिए प्रेरित कर रहे हैं। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के नेतृत्व में मखाना उत्पादन को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। विशेष रूप से निषाद समाज के लोगों को इस खेती से जोड़ने की पहल की जा रही है। नगरी ब्लाक के सांकरा में तालाब बनाकर 100 एकड़ में मखाना की खेती जल्द शुरू की जाएगी। इंदिरा गांधी कृषि विज्ञान केन्द्र से केवल मखाना उत्पादन को भरपूर सपोर्ट मिल रहा है। मखाना की प्रोसेसिंग, ब्रांडिंग और मार्केटिंग की दिशा में भी ठोस कदम उठाए गए हैं। धनहा धमतरी नाम से मखाने की ब्रांडिंग और आकर्षक पैकेजिंग की योजना बनाई जा रही है।

**खबर संक्षेप**

## खम्हरिया के पूर्व सरपंच की सड़क दुर्घटना में मौत



**नगरी।** नगरी से सांकरा जाने वाले रास्ते पर बने महानदी पुल पर गुरुवार की रात हुई सड़क दुर्घटना में ग्राम खम्हरिया निवासी एवं पूर्व सरपंच पूरन नेताम उम्र 42 मुंशी मनोज टेंट हाउस नगरी की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार पूरन नेताम गुरुवार रात करीब 8 बजे अपना दैनिक कार्य समाप्त कर मोटरसाइकिल से अपने गांव खम्हरिया लौट रहे थे। इसी दौरान नगरी के महानदी पुल के समीप उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसे में उनके सिर पर गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने108 एंबुलेंस की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि किसी भारी वाहन को साइड देने के दौरान यह हादसा हुआ। हादसे की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है।

## हड़ताल के कारण विलंब से शुरू हुई धान खरीदी



**दुर्गुकोंदल।** आदिम जाति सहकारी समिति दमकसा के अंतर्गत संचालित खरीदी केंद्र पुजारीपारा में 20 नवंबर को विधिवत पूजा-अर्चना के साथ समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का शुभारंभ किया गया। सरपंच कलंगपुरी सियाराम मंडावी, नोडल अधिकारी दिलीप सोनकर, ग्राम पटेल उजियार राम, कमलेश नाग, सुदेश कुमार तोपा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की उपस्थिति में केंद्र में पहली बोरियों की तौल कर खरीदी प्रक्रिया शुरू की गई।

## वाटर फॉल में गिरने से हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत चर्रे मर्रे वाटर फॉल में गिरने से महाराष्ट्र राज्या के चंद्रपुर जिला अंतर्गत माजरी निवासी 34 वर्षीय श्यामसागर का मौत हो गया। दुर्ग जिला के गुरूवार निवासी चंदन सिंहा ने पुलिस को बताया कि वह अपने कुछ दोस्तो के साथ पिकनिक मनाने के लिए चर्रे मर्रे गया था। मृतक श्यामसागर का पैर 16 नवंबर को शाम साढ़े 5 बजें अचानक फिसल गया। वाटर फॉल के गहरे पानी में गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई।

### कोलियारी में एक एकड़ क्षेत्र में बनाया गया है पार्क, देखरेख के अभाव में पौधे सूख रहे

# लाखों की लागत से बना कृष्णकुंज उपेक्षा का शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



लाखों रुपये की लागत से विकसित कृष्ण कुंज अब देखरेख और रखरखाव के अभाव में पूरी तरह बदहाल हो गया है। ग्राम पंचायत कोलियारी में एक एकड़ क्षेत्र में बनाया गया यह पार्क कभी बरगद, पीपल, नीम, कंदब, जामुन, आम, सीताफल, शहतूत और बेल जैसे जीवनोपयोगी एवं सांस्कृतिक महत्व के पौधों से सजा हुआ था। वर्ष 2022-23 में इस परियोजना पर कुल 12 लाख 77 हजार 808 रुपये खर्च किए गए थे, जिनमें बाउंड्रीवाल, गेट, पोल, फेंसिंग तार और दीवार में चित्रकारी जैसी व्यवस्थाएं भी शामिल थीं।

पूर्ववर्ती सरकार में विकसित कृष्ण कुंज की देखरेख प्रारंभ में ठीक थी । पौधों की नियमित सिंचाई, निंदाई और साफ-सफाई सुनिश्चित की जाती थी। लेकिन अब निर्माण और योजनाओं के महत्व को भूलते हुए जिम्मेदार अधिकारी इस स्थल की देखरेख करने में नाकाम साबित हुए हैं। वर्तमान में पौधे सूखने लगे हैं। फेंसिंग तार टूट चुके हैं। लकड़ी के खंभों में दीमक लग गई है और लोहे के गेट और ताले जंग खा चुके हैं। पार्क का नाम लिखा बोर्ड भी टूटकर गिर चुका है।

कृष्णकुंज जिले के छह नगरीय निकायों नगर निगम धमतरी, नगर पंचायत भखारा, आमदी, कुरुद, नगरी और मगरलोड में विकसित किया गया था। ग्राम पंचायत कोलियारी में बनाए गए कृष्ण कुंज में कुल 250 पौधे लगाए गए थे। निर्माण के समय इसका उद्देश्य था कि यह स्थान सांस्कृतिक, धार्मिक और शैक्षिक दृष्टि से लोगों के लिए उपयोगी हो। सात अक्टूबर 2024 को कृष्ण कुंज नगर निगम को हस्तांतरित कर दिया गया, जिसके बाद इसकी सुरक्षा, संरक्षण और रखरखाव की जिम्मेदारी निगम की बनी। स्थानीय लोग अब इस उपेक्षा से नाराज हैं। उनका कहना है कि पार्क और पौधों की नियमित देखरेख न होने से यह सार्वजनिक स्थल अपनी उपयोगिता और सुंदरता खो रहा है। नागरिकों ने मांग की है कि निगम तुरंत कदम उठाएं, पौधों की सिंचाई और सफाई सुनिश्चित करें और पार्क की बाउंड्री, गेट व बोर्ड की मरम्मत कराएं। कृष्ण कुंज की वर्तमान स्थिति यह दर्शाती है कि सरकारी योजनाओं को भव्य ढंग से लॉन्च करना आसान है, लेकिन उनका उद्देश्य तभी सफल होता है जब देखरेख और रखरखाव की जिम्मेदारी सही तरीके से निभाई जाए। स्थानीय लोग इसे संरक्षण और संवर्धन का मामला बताते हुए अधिकारियों से तत्काल कार्रवाई की अपेक्षा कर रहे हैं।

**क्या है कृष्ण कुंज**

कृष्ण कुंज विकसित एक हरित सार्वजनिक स्थल है। इसे शहरों में हरियाली बढ़ाने, पर्यावरण संरक्षण और नागरिकों को प्राकृतिक वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से बनाया गया। इसमें बरगद, पीपल, नीम, कंदब, जामुन, आम, सीताफल, शहतूत और बेल जैसे जीवनोपयोगी और सांस्कृतिक महत्व के पौधे लगाए गए हैं। राज्य सरकार का मकसद है कि यह पार्क बच्चों और युवाओं में पर्यावरण जागरूकता बढ़ाए, शहरी सौंदर्य और पर्यटन को प्रोत्साहित करे। कृष्ण कुंज की शुरुआत पूर्ववर्ती सरकार ने की थी, जिसे नगर निगम को हस्तांतरित कर देखरेख की जिम्मेदारी दी गई।

## सभापति की सक्रियता से शास्त्री चौक में जला अलाव, ठंड से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



शीतलहर के कारण पड़ रही कड़ाके की ठंड से जरूरतमंदों को राहत दिलाने के लिए नगर निगम लोक निर्माण विभाग के सभापति विजय मोटवानी की पहल पर शहर में अलाव जलाने की व्यवस्था शुरू कर दी गई है। मोटवानी ने निगम प्रशासन और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया था कि प्रमुख चौक-चौराहों व सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उनके निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए शहर के शास्त्री चौक में लकड़ी के चट्टे उपलब्ध कराकर अलाव जलाया गया, जिससे फुटपाथों पर रहने वाले और जरूरतमंद लोगों को ठंड से बड़ी राहत मिलेगी।

गौरतलब है कि विजय मोटवानी अपने पिछले कार्यकाल में भी कई स्थानों पर अपने निजी व्यय से अलाव की व्यवस्था करवा चुके हैं, जिसकी शहरवासियों ने सराहना की थी। श्री मोटवानी का कहना है कि नागरिकों की समस्याओं का समाधान करना हर जनप्रतिनिधि का नैतिक दायित्व है और वे निगम के पार्षदों, गणमान्य नागरिकों और आम जनता के साथ मिलकर हर समस्या के समाधान के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

अलाव की शुरुआत के दौरान शास्त्री चौक में पूर्व सभापति राजेंद्र शर्मा, शत्रुघ्न पांडे, पिंटू यादव, कलेश सोनी, राजेश पंजवानी, शेखर चौबे, घनश्याम दास, घनश्याम दास जेठवानी, मुकेश, राकेश, मोहन, योगेश कुमार मीणा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# खेतों में पराली जलाने से बढ़ रहा प्रदूषण

- धुएं के कारण आंखों में जलन, खांसी, सांस लेने में हो रही कठिनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी





अंचल के ग्रामीण क्षेत्र में इन दिनों खरीफ फसल की कटाई एवं मिजाई का कार्य तेजी से जारी है। हार्वेस्टर से धान की मिंजाई के बाद खेतों में बची पराली को नष्ट करने के लिए कई किसान पारंपरिक रूप से आग का उपयोग कर रहे हैं। नगरी, बिरनपुर, फरसियां, गोरेगांव, घटुला, पाईकभाटा, सिहावा, गढ़डोंगरी माल, बेलर, जैतपुरी, आमगांव, भुरसीडोंगरी सहित आसपास के अनेक गांवों में पराली जलने के दृश्य लगातार सामने आ रहे हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में धुएं का घना वातावरण बन रहा है।

खेतों से उठता धुआं दिनभर वातावरण को प्रभावित कर रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, धुएं के कारण आंखों में जलन, खांसी, सांस लेने में कठिनाई हो रही है। बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों पर इसका अधिक प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। कई स्थानों पर शाम के समय दृश्यता भी प्रभावित हो रही है।

कुछ किसानों का कहना है कि खेतों की सफाई, अगली फसल की जल्द तैयार के चलते में आग लगाने का लेना पड़ता है। कृषि विभाग अधिकारी ने किसान हित में पराली न जलाने की अपील समय-समय पर की जाती है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार पराली प्रबंधन के विभिन्न विकल्पो जैसे अवशेष प्रबंधन यंत्र, कम्पोस्ट निर्माण, चारा उपयोग और मल्चिंग के बारे में जागरूकता फैलाने के निर्देश दिए गए हैं। हालांकि ग्रामीणों का अभिमत है कि इन योजनाओं की विस्तृत जानकारी और संसाधन गांव-गांव तक प्रभावी रूप से पहुंचाए जाने की आवश्यकता है।

लोगों का कहना है कि लगातार पराली जलने से वायु गुणवत्ता पर विपरीत प्रभाव पड़ता है, साथ ही मिट्टी की उर्वरता भी प्रभावित होती है। विशेषज्ञों ने चेताया है कि यदि समय रहते बेहतर समाधान लागू नहीं किए गए तो ग्रामीण क्षेत्र में भी प्रदूषण का स्तर खतरनाक रूप ले सकता है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पराली प्रबंधन हेतु आवश्यक, प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रमों को और सक्रिय रूप से लागू किया जाए, ताकि किसान सुरक्षित, पर्यावरण अनुकूल और आधुनिक तरीकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित हो सकें।

# शासन-प्रशासन के तेवर देख काम पर लौटे सहकारी कर्मचारी



**केस 1**

भोथली समिति में आंदोलनरत लगभग सभी कर्मचारी काम पर लौट आए हैं। प्रबंधक सहित अन्य कर्मचारियों ने नोडल अधिकारी को काम पर लौट जाने की सूचना देते हुए कार्यभार सौंपे जाने के लिए पत्र लिखा है।

**केस 2**

देमार सहकारी साख समिति के प्रबंधक, आपरेटर सहित सभी कर्मचारी बुधवार को काम पर लौट आए। उन्होंने काम भी शुरू कर दिया है। उम्मीद है कि शनिवार को स्टाक मिलान के बाद उन्हें चार्ज सौंप दिया जाएगा।

**केस 3**

तरसींवा धान खरीदी केंद्र में भी सभी कर्मचारी लौट आए हैं। अभी यहां पर प्रभारी अधिकारी और कर्मचारी ही काम कर रहे हैं। लौट आने के बाद उन्होंने भी कार्यभार सौंपे जाने की मांग की है।

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

धान खरीदी के दौरान आंदोलन कर रहे समिति कर्मचारियों पर एस्मा लागू कर दिया है। शासन की इस कार्रवाई के बाद धमतरी के लगभग सभी समितियों व धान खरीदी केंद्रों में कर्मचारी काम पर लौट आए हैं, वह भी बिना किसी शर्त के। अभी तो प्रभारी अधिकारी ही धान खरीदी कर रहे हैं। स्टॉक मिलान के बाद इन कर्मचारियों को प्रभार सौंप दिया जाएगा।

सूखत सहित कई मांगों को लेकर सहकारी समिति कर्मचारी संघ और आपरेटर संघ के कर्मचारी धान खरीदी शुरू होने से पहले ही आंदोलन पर चले गए थे। अपनी मांगों को लेकर उन्होंने लगातार प्रदर्शन भी किया, लेकिन शासन ने उनकी मांगों को पूरा नहीं किया। धान खरीदी जैसे महत्वपूर्ण शासकीय कार्य की उपेक्षा करने पर कर्मचारियों पर एस्मा लागू कर दिया गया। यही नहीं आंदोलन के नेतृत्वकर्ता को जेल में डाल दिया गया है। कुछ कर्मचारियों पर एफआईआर भी दर्ज की गई है। शासन- प्रशासन के कड़े रूख को देखते हुए कर्मचारियों ने आंदोलन समाप्त कर दिया है। बुधवार को ही अधिकांश खरीदी केंद्रों में कर्मचारी लौट आए थे। लौट आने के बाद उन्होंने अधिकारियों को इसकी सूचना देते हुए कार्यभार दिए जाने का निवेदन किया है।

**लौटने के बाद कार्यभार सौंपे जाने का इंतजार**

**धान का स्टाक मिलान होगा**

खरीदी शुरू होने से पहले ही कर्मचारी आंदोलन पर चले गए थे। आनन-फानन में शासन- प्रशासन ने प्रभारी अधिकारियों और कर्मचारियों के भरोसे धान खरीदी शुरू की। कई खरीदी केंद्रों में प्रभारियों ने खरीदी की है। ऐसे में खरीदे धान का स्टाक मिलान सहित अन्य औपचारिकता पूरी करने के बाद ही पुराने कर्मचारियों को कार्यभार दिया जाएगा। काम में लौटने के बाद कर्मचारी अब कार्यभार मिलने का इंतजार कर रहे हैं।

**किसानों ने ली राहत की सांस**

प्रभारी अधिकारियों के पास धान खरीदी को लेकर कोई अनुभव नहीं था, जिसके चलते खरीदी प्रक्रिया प्रभावित हो रही थी। सिर्फ ऑनलाइन ही टोकन कट रहा था। ऑफलाइन टोकन नहीं कट रहा था। ऐसे में किसान काफी परेशान थे। अब पुराने अनुभवी कर्मचारियों के काम पर लौट आने से सबसे ज्यादा किसानों को खुशी को हो रही है। अब वे आसानी से अपना धान समर्थन मूल्य पर बेच पाएंगे।

# ओटीपी कभी शेयर न करें

- मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा : एसआईआर फॉर्म भरते समय साइबर ठगी से सतर्क रहें

**धमतरी।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ ने मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत गणना फॉर्म भरने वाले मतदाताओं और नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण सुरक्षा सूचना जारी की है। इस सूचना का उद्देश्य लोगों को उनके मोबाइल नंबर के संभावित दुरुपयोग और ओटीपी-आधारित धोखाधड़ी से बचाना है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि एसआईआर फॉर्म भरते समय मोबाइल नंबर देना पूरी तरह से सुरक्षित है, लेकिन नागरिकों को विशेष रूप से सतर्क रहने की आवश्यकता है क्योंकि कुछ साइबर अपराधी इसी बहाने ठगी करने की कोशिश कर सकते हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जोर देकर कहा है कि बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) के माध्यम से एसआईआर फॉर्म भरने के लिए किसी भी प्रकार के ओटीपी की आवश्यकता नहीं होती है। कोई भी अधिकारी, कर्मचारी या बीएलओ आपसे ओटीपी नहीं मांगता है। यदि आपको कोई व्यक्ति फोन करे और कहे कि आपके एसआईआर से जुड़े मोबाइल पर जो ओटीपी आया है, वह हमें दे दीजिए, तो उन्हें तुरंत मना कर दें।

# सामान्य सभा की बैठक में कई जनहितैषी मुद्दों पर हुई चर्चा



**आय-व्यय की जानकारी को लेकर हुई बहस**

सामान्य सभा की बैठक में जब सीईओ अमित कुमार सेन द्वारा आय-व्यय माह अप्रैल 2025 से अक्टूबर 2025 तक की जानकारी सभा पटल में प्रस्तुत किया गया तो जनपद सदस्य एवं कांग्रेस नेत्री सुश्री लिली श्रीवास द्वारा जानकारी दस्तावेज में प्रत्येक सदस्य को देने की मांग की गई। जिस पर सीईओ ने नियम नहीं होने और जानकारी लेनी हो तो कलेक्टर से अनुमति पत्र लाने की बात कही। सीईओ के जवाब से असंतुष्ट सदस्य ने नियमों का हवाला देकर सबको जानकारी लेने का अधिकार होने की बात कही। वहीं उन्होंने स्टेशनरी एवं सरकारी कार्यक्रमों के नाम से लागत से दोगुना खर्च बताने का आरोप लगाते हुए सरकारी निधि का दुरुपयोग बर्दाश्त नहीं किये जाने की बात कही।

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

**पीएम आवास योजना से वंचित हितग्राहियों का परीक्षण करने के दिये निर्देश**

जनपद पंचायत कुरूद की सामान्य सभा बैठक श्रीमती गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरूद की अध्यक्षता में हुई जहां आय-व्यय, प्रधानमंत्री आवास की प्रगति, जर्जर भवनों एवं सड़कों के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पीएचई विभाग अंतर्गत पेयजल से जुड़े जानकारी पर आवश्यक चर्चा कर दिशा-निर्देश दिए गए।

गुरुवार को जनपद सभाकक्ष में आयोजित बैठक में प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर कार्य में तेजी लाने, इस योजना से वंचित सुखनंदन भरोसा यादव ग्राम मड़ेली तथा मदन बृजलाल ग्राम जोरातराई सी का आवास निर्माण का परीक्षण कर कार्रवाई प्रतिवेदन प्रस्तुत करने ब्लॉक समन्वयक को निर्देशित किया गया।

महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना अधिकारी को कुपोषण से सुधार हेतु कार्यक्रम के माध्यम से सुपोषित करने निर्देशित किया गया। स्वास्थ्य विभाग खण्ड चिकित्सा अधिकारी को आयुष्मान कार्ड से इलाज हेतु रायपुर एवं धमतरी अस्पताल की सूची उपलब्ध कराने निर्देशित किया गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी अनुविभागीय अधिकारी उपखण्ड कुरूद को नगर पंचायत भखारा से समन्वय कर ग्राम कोलियारी में पेयजल उपलब्ध कराने निर्देशित किया गया। गौठानों में बोर लगाया गया है। उसे पंचायत के माध्यम से पेयजल हेतु संचालित एवं बंद बोर को उपयोग में लाने निर्देशित किया गया।

बैठक में सभापतिगण आनंद यदु, एवन साहू, महेश राम ध्रुव, श्रीमती शकुंतला देवांगन, सदस्यगण श्रीमती रेखा साहू, श्रीमती डिकेश्वरी देवांगन, श्रीमती बनिता सिन्हा सदस्य, रूमान सिंह कुर्रे, श्रीमती कुलेश्वरी साहू, श्रीमती कंचन साहू सदस्य, टेकराम साहू, दिलीप चक्रधारी, श्रीमती मनीषा साहू, श्रीमती उर्वशी बांधेकर, हिमांशु साहू, ललिता भतपहरी, श्रीमती गंगा साहू सदस्य, श्रीमती चित्ररेखा ध्रुव सदस्य, ठाकुर राम साहू, श्रीमती सरिता कुशवाहा, सीडीपीओ कुरूद, सुश्री प्रियंका नेताम, मतस्य निरीक्षक कुरूद, सी.आर. साहू, व.कृ.वि.अधि., डॉ. भुपेन्द्र सिन्हा, पशुधन विकास विभाग, एरावत सिंह मधुकर. वन विभाग, चन्द्रकुमार साहू, एबीईओ, सीमा ठाकुर एई विद्युत विभाग, विनोद देवान, एसडीओ आरईएस आदि उपस्थित रहे।

# कृष्ण के गीता उपदेश से भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

- जलविहार कॉलोनी में भागवत कथा का समापन, हवन- भंडारे में उमड़ी आस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



स्थानीय जलविहार कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर के पास रुद्री में दीवान परिवार द्वारा 5 से 13 नवंबर तक आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का समापन गुरुवार को धार्मिक उल्लास और श्रद्धा के साथ हुआ। नौ दिनों तक चली इस दिव्य कथा आचार्य पंडित पंकज द्विवेदी ने सुनाई। अंतिम दिन गीता उपदेश, हवन, सहस्त्रधारा स्नान और भंडारे का आयोजन किया गया। यजमान परिवार की ओर से श्रीमती शैल दीवान, श्रीमती अंबिका सुरेंद्र दीवान, श्रीमती पवित्रा दीपा संतोष दीवान तथा श्रीमती सुलभा सुदेश दीवान सहित परिवारजन पूरी श्रद्धा के साथ कथा में विराजमान रहे। कथा व्यास ने समापन दिवस पर भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिया गया गीता उपदेश विस्तार से सुनाया। उन्होंने बताया कि महाभारत युद्ध से पूर्व अर्जुन अपने ही बंधु-बांधवों को युद्धभूमि में देखकर मोह और करुणा से व्याकुल हो उठे थे। उन्होंने श्रीकृष्ण से कहा कि वे अपने ही गुरुजनों और संबंधियों के विरुद्ध शस्त्र नहीं उठाना चाहते। इसी भ्रम और निराशा की स्थिति में भगवान कृष्ण ने उन्हें जीवन का अमर संदेश दिया, जो आगे चलकर भगवद्गीता के रूप में विश्व का मार्गदर्शन बना। कृष्ण ने अर्जुन को बताया कि आत्मा न जन्म लेती है, न मरती है, वह अनादि, अमर और अविनाशी है। नश्वर केवल शरीर है, जिसका नाश निश्चित है। इसलिए युद्ध से पीछे हटना कर्तव्य-त्याग के समान है। समापन में भक्तों ने हवन में आहुतियां दीं। श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

## गुरु तेगबहादुर की शहीदी शताब्दी पर हुई निबंध स्पर्धा



**नगरी।** नगर पंचायत स्थित आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में श्री गुरु तेग बहादुर की 350वीं शहीदी शताब्दी के उपलक्ष्य में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सरस्वती शिशु मंदिर एवं आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय के कुल 54 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। बच्चों ने गुरु तेग बहादुर के जीवन, देश, समाज तथा मानवता के लिए उनके अप्रतिम बलिदान पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में सिख समाज नगरी के अध्यक्ष अनिल कुमार वाधवानी, जसवंत सिंह खनूजा, विक्की, जसपाल सिंह खनूजा, जीत कौर खनूजा, ज्योति खनूजा, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हृदय साहू, विद्यालय के प्राचार्य एसके प्रजापति, प्रफुल्ल चंद साहू, जैन मैडम समेत विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।







